हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 सितंबर 2025

11 पुष्पक विमान से हवा में सीता को हर ले गया रावण...



12 भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक नहीं, बाजार में दिनभर बनी रहती है जाम...



हुडा एसोसिएशन का सामूहिक फैसला, गांधीवादी तरीके से जताएंगे विरोध

# पॉश एरिया हुडा सेक्टर बेहाल, दो दिन का अल्टीमेटम फिर धरना-प्रदर्शन

- सीवर गड्ढे की समस्या से हुडा सेक्टर के निवासी नरकीय जीवन जीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हुडा की सीवर समस्या को हल करने के लिए अब तक प्रशासनिक अधिकारियों खासकर नगर परिषद एवं जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जितने हाथ-पैर मारे, वह निरर्थक सिद्ध होते दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि हुडा सेक्टर एक में भाई रामसिंह की कोठी वाले सड़क मार्ग पर करीब दो महीने से बना सीवर गड्ढा 5 गुणा 8 फुट की बजाए अब लगभग 20 गुणा 30 फिट का बड़ा होल हो गया है। इस कारण सड़क पर एकतरफ आवागमन भी लंबे समय से बंद है। इससे जनस्वास्थ्य विभाग एवं नगर परिषद के अधिकारियों की लापरवाही साफ झलकती है तथा इस समस्या के कारण हुडा सेक्टर के निवासी नरकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे हैं। इस होल से मकान की नींव में पानी जा रहा तथा मकान में दरारें आने लगी हैं।

### मकानों का सीवरेज रोड पर फैला

गौर हो कि शहर में हुडा का इकलौता सेक्टर वैसे तो जिले का पॉश एरिया माना जाता है, लेकिन लगभग डेढ़ महीने से यहां के निवासी पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों के कुंभकर्णी नींद के कारण नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। अपने ही घर में साधन तो दूर की बात खुद पैदल भी चल कर जाने के लिए मशक्कत करने को मजबूर हैं। शहर जिला मुख्यालय होने के बाबजूद कोई भी अधिकारी यहां की सुध लेने को तैयार नहीं। संवेदना हास्पिटल से मेन 60 फीट की रोड पर मकानों का सीवरेज रोड पर फैला हुआ है। जनस्वास्थ्य विभाग ने वैसे तो अपनी जान बचाने के लिए ठेकेदार को ठीक करने का ठेका दे रखा है, जो रोज सुबह मशीनरी व लेबर के साथ नई-नई प्लानिंग के साथ काम शुरू करता है, लेकिन शाम होते-होते विफलता के साथ वापस लौट जाता है। विभाग के उच्च अधिकारियों ने यह जानकारी लेने की शायद कभी जरूरत नहीं समझी कि लोग कितने परेशानी में जीवन जी रहे हैं।



नारनौल। हुडा के सीवर होल बना लंबा-चौड़ा एवं गहरा गड्ढा। फोटो : हरिभूमि

### सेक्टर का अधिकांश परिवार सीवरेज अव्यवस्था से परेशान

हुडा एसोसिएशन के प्रधान नरेश चौधरी, महेंद्र नायक, हंसराज, जयप्रकाश आदि हुडा सेक्टरवासियों ने बताया कि सीवरेज का मेन होल जो लगभग 5 गुणा 8 साइज का था, अब मिट्टी कटाव होने के लगभग कारण 20 गुणा 30 फीट का बन गया है। मिट्टी में कटाव के कारण मकानों की नींव में पानी जा रहा है और कई मकानों में दरार भी आ गई हैं, जिससे मकानों के गिरने का भी खतरा बना हुआ है। अगर घर में कोई व्यक्ति बीमार है और वह पैदल चलकर हास्पिटल जाने की पोजीशन में नहीं है, तो मेन दरवाजे पर फोरव्हीलर तो दूर की बात, टू व्हीलर भी नहीं आ सकता। यह स्थिति किसी एक व्यक्ति विशेष की नहीं, अपितु सेक्टर में अधिकांश परिवारों को फेस करनी पड़ रही है। ऐसे में सेक्टरवासी करें तो क्या करें? किस अधिकारी के पास जाएं, जिससे इस का समाधान हो सके। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तो आम जनता किस हालत में रह रही है, लगता है कि कोई सरोकार नहीं। वैसे तो पूरा शहर ही सीवरेज ओवरफ्लो से दुखी है, पर नारनौल के इस हुडा सेक्टर की दशा तो बहुत ही दयनीय हो चुकी है। अगर अगले दो दिन में इस का कोई स्थाई समाधान नहीं होता है तो सेक्टरवासियों ने सामूहिक फैसला लिया है कि मजबूरन वे सीएम विंडो की शरण लेंगे और गांधीवादी तरीके से जनस्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे।

## खबर संक्षेप

### आज अटेली आएंगे जेजेपी के शीर्ष नेता

मंडी अटेली। जननायक जनता पार्टी के शीर्ष नेता 30 सितंबर को अटेली क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। सुबह 10 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री चौधरी दुष्यंत सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा अटेली-एनएच-11 पर स्थित एक वाटर पार्क, बोचड़िया के पास बने फार्महाउस पर आयोजित चायपार्टी में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन राव ओमप्रकाश इंजीनियर के निवास पर किया जा रहा है। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारी और स्थानीय लोग एकत्रित होकर पार्टी की नीतियों और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करेंगे।

### खेडी तलवाना माता मंदिर में जागरण व भंडारा आज

कनीना। कनीना विकास खंड के गांव खेड़ी तलवाना स्थित जाटनी वाली जोहड़ी मंदिर में मंगलवार 30 सितंबर नवरात्र अष्टमी तिथि को माता का जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शिकुमार व अनुज कुमार ने बताया कि इस समारोह में दूर-दराज से आए श्रद्धालु हिस्सा लेंगें। उन्होंने सुबह हवन के बाद भंडारा प्रारंभ किया जाएगा जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। रात्रि जागरण में गायक कलाकारों द्वारा माता के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने साल 2012 में किया था शुभारंभ

# कांग्रेस राज में बना शहीद राव तुलाराम पार्क, भाजपा के 11 साल में बेहाल

देखरेख के अभाव हर साल बदतर होती चली गई पार्क की स्थिति

▶▶ *भाजपा पार्टी लगातार 11 साल से हरियाणा और नारनौल विधानसभा में सत्ता में है। इसके बावजूद शहीद राव तुलाराम पार्क की बेहाल स्थिति को नहीं सुधार पाई है। अब हालात यह है कि रात को दूर की बात दिन में भी यहां जाने में ही लोग डरते है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नसीबपुर के मैदान में 1857 में अंग्रेजों से शहीद राव तुलाराम के नेतृत्व में लड़ाई गई। उस वीर शहीद स्व. राव तुलाराम की याद में कांग्रेस पार्टी ने साल 2012 में शहर के मोहल्ला पुरानी मंडी में पार्क का निर्माण करवाया था। इसका शुभारंभ नारनौल विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने किया था। इस बात को अब 13 साल बीतने को है। भाजपा पार्टी लगातार 11 साल से हरियाणा और नारनौल विधानसभा में सत्ता में है। इसके बावजूद शहीद राव तुलाराम पार्क की बेहाल स्थिति को नहीं सुधार पाई है। अब हालात यह है कि रात को दूर की बात दिन में भी यहां जाने में ही लोग डरते है।



नारनौल। पार्क का मेन द्वार का दृश्य। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। पार्क का एक गेट टूटकर साइड में दीवार सहारे रखा। फोटो : हरिभूमि

### पार्क के हालात बहुत खराब

नगर परिषद की इस पार्क की ओर से अनदेखी कबाड़ की ओर लेकर जाने लगी। ऐसा भी नहीं है कि उस वक्त से अब तक जो पार्षद रहे या यहां के लोगों ने आवाज नहीं उठाई। हर आवाज को अनसुना कर दिया गया। दबाव पड़ा तो एक दो बार जरूर सफाई करके नगर परिषद ने वाहवाही लूटी। अब हालात बहुत खराब है। स्थिति देखने से पहली बार यहां आने वाला इंसान यह नहीं बता सकता कि यहं पार्क है।

### शौचालय की दयनीय स्थिति

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर एक पखवाड़ा से हरियाणा में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। हर विभाग, सत्ता से जुड़ा नेता हो या नगर परिषद। इस सेवा पखवाड़े के तहत सफाई अभियान चलाकर अपने नंबर बनाने में लगे है। ठीक इसके विपरीत इस पार्क के साथ में बना शौचालय प्रशासन के सुधार का इंतजार कर रहा है।*

### ओपन जिम बनी, उसमें भी घोटाले की आशंका

कुछ दिनों पहले इस बेहाल पार्क की सफाई करवाने का प्रयास किया। यहां ओपन जिम लगाई गई। झूला भी लगाया गया। यहां के पार्षद विशाल सैनी का कहना है कि वह 15 साल से अधिक समय से जिम चला रहा है। जिम का सामान कितने का है, उससे भली भांति कोई नहीं जानता। पार्क में ओपन जिम कब लगा दी, उसकी जानकारी पार्षद को ही नहीं दी गई। जब पता चला तो वह देखना वहां पहुंचा। अनुमान है कि दो से ढाई लाख का सामान ओपन जिम के रूप में रखा गया है। पता चला है कि इसका बिल ज्यादा राशिन का बना दिया गया। बाकी पैसा कहां गया? कोई बताने को तैयार नहीं है। वह इस मामले में अपने पार्षद साथियों के साथ डीएमसी रणवीर सिंह से भी सोमवार को मिलने पहुंचा था। डीएमसी साहब आफिस में नहीं थे। मंगलवार को एक संबंध में डीएमसी से मिला जाएगा।



नारनौल। विरोध प्रदर्शन करते यूनियन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन का प्रदर्शन

मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी की ओर से सोमवार मिड डे मील कार्यकर्ता लघु सचिवालय पार्क में एकत्रित होकर बैठक की। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान सुनीता ने की। संचालन जिला सचिव सन्तोष यादव ने किया। सभा को एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबे सिंह जिला उपाध्यक्ष सन्तोष पालड़ी, नारनौल ब्लाक प्रधान माया, अटेली ब्लाक प्रधान प्रेम लता, कनीना ब्लाक प्रधान सुमित्रा, नांगल चौधरी ब्लाक सचिव लक्ष्मी देवी, मुकेश कुमार, मनीषा अटेली, एआईयूटीयूसी जिला सचिव छाजूराम रावत ने सम्बोधित किया। इसके पश्चात लघु सचिवालय पर सैकड़ों मिड डे मील कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। यूनियन की महासचिव कुसुम पांचाल को बहाल करने बारे ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया।

### जरूरी एवं जायज मांगें

वक्ताओं ने कहा हम गरीब महिलाएं आपकी जानकारी में लाना चाहती हैं कि हमारी कुछ बहुत ही जरूरी एवं जायज मांगें है। जिन्हें हम पूरा करवाने के लिए आपके पास और शिक्षा मंत्री के पास कई बार ज्ञापन दे चुकी हैं, लेकिन हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। इसलिए इस ज्ञापन के माध्यम से हम अपनी मांग आप तक पहुंचा रही है हमारी यूनियन की महासचिव कुसुम पांचाल को बिना किसी जायज कारण के मिड डे कुक से हटा दिया गया हैं जो पट्टी कलयाना स्कूल में सेवारत थी। इससे पूर्व में भी स्कूल से निकाल दिया गया था। यूनियन की महासचिव होने के नाते इससे द्वेष पूर्ण कारवाई की जा रही है। स्कूल की मुखिया ऊपर के अधिकारियों को भी कुसुम पांचाल के बारे में गुमराह करती है जबकि इनका 17 साल का रिकॉर्ड एकदम से साफ सुथरा है। उम्मीद है कि आप कुसुम पांचाल को तुरंत बहाल करने के आदेश जारी करेंगे। इसके अलावा हमें मात्र 10 माह का मानदेय मिलता है, वह भी समय पर नहीं मिलता, अभी भी दो माह का मानदेय भुगतान नहीं हुआ है। इस महंगाई के जमाने में अगर हर माह का मानदेय नहीं मिले तो गरीबी में घर कैसे चलाना संभव है। कुकिंग कास्ट लगातार बढ़ती जा रही ह।

# टेलीग्राम टास्क के नाम पर 6.30 लाख का साइबर फ्रॉड करने वाला गिरफ्तार

साइबर ठगी में आरोपित का खाता हुआ था प्रयोग, साइबर पुलिस ने आरोपित से 1 लाख 70 हजार रुपये किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

साइबर थाना की पुलिस टीम साइबर जालसाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। टेलीग्राम टास्क के नाम पर छह लाख 30 हजार रुपये ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना की टीम ने एक आरोपित इमरान खान वासी रोड़ावाली जिला हनुमानगढ़ राजस्थान को गिरफ्तार किया है। जिससे पुलिस ने एक लाख 70 हजार रुपये बरामद किए हैं और एक मोबाइल बरामद कर जब्त किया है।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित इमरान खान। फोटो : हरिभूमि

शिकायतकर्ता ने दी शिकायत में बताया कि वह प्राईवेट नौकरी करती है। उसके टेलीग्राम अकाउंट पर नामपता नामालुम व्यक्ति ने 17 सितम्बर को एक पर जोड दिया, ग्रुप में काफी लोगों की चैट हो रही थी, जिसमें विभिन्न तरीकों व स्कीमों से पैसे कमाने की बाते थी। फिर ग्रुप पर विभिन्न होटल, रेस्टोरेंटस को गुगल मैप पर फाइव स्टार रेटिंग देने बारे टास्क दिया गया। हिदायत अनुसार उसने गुगल मैप पर उनके दिए अनुसार टास्क को पुरा किया।

### खेत में काम करते वक्त हुई बेचैनी, पूर्व सैनिक की मौत

नारनौल। खेत में फसल की पुलियां समेटते वक्त एक पूर्व सैनिक की अकस्मात जी घबराने उपरांत मौत हो गई। परिजन उसे अस्पताल भी लेकर आए, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इत्तेफाकिया हादसे की कार्रवाई करने उपरांत शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार करीब 59 वर्षीय कंवल सिंह पुत्र रामचंद्र वासी महरमपुर पूर्व सैनिक था और गांव में ही रहकर खेताबाड़ी करता था। जब वह खेत में बाजरे की पुलियां एकत्रित कर रहा था, तब उसे बेचैनी हुई। तब वह टीनशेड के अंदर लेट कर आराम करने लगा, लेकिन बेचैनी वहां भी खत्म नहीं हुई तो वह बाहर आ गया, लेकिन बेहोश हो गया। घबराए परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के दो बेटे एवं एक बेटी है। एक-एक बेटा-बेटी विवाहित हैं, जबकि एक कुंआरा है। परिजनों ने गमगीन माहौल में गांव लेकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

### राव नरेंद्र सिंह तीन बार बने विधायक, प्रदेश में स्वास्थ्य मंत्री रहे



नारनौल। कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा में इस बार ओबसी कार्ड खेला है। ओबीसी चेहरे के रूप में राव नरेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। राव नरेंद्र सिंह तीन बार विधायक रहे है। साथ ही साल 2010 से 2014 तक वह हरियाणा के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा चुनाव मंत्री भी रहे है। उन्होंने पहली बार साल 1996 में अटेली विधानसभा से विधायक का चुनाव लड़ा। जब कांग्रेस पार्टी को हरियाणा की 90 में से केवल नौ सीटें ही मिली थी। दूसरी बार साल 2000 में फिर से अटेली विधानसभा में विधायक चुने गए। उस वक्त कांग्रेस पार्टी को 90 में से केवल 21 सीटें ही मिली थी। तीसरी बार साल 2009 में हरियाणा जनहित कांग्रेस (एचजेसी) से विधायक निर्वाचित हुए और बाद में कांग्रेस में शामिल होकर हरियाणा में सरकार बनाई। राव नरेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर उनके समर्थकों ने लड्डू बाटकर खुशी मनाई।

किसानों की सहुलियत को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के दिए सख्त निर्देश

# एसडीएम ने किया नारनौल मंडी का दौरा, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मंडी में पड़ी किसानों के बाजरे की ढेरियों की गुणवत्ता की भी जांच भी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

खरीफ सीजन की खरीद के मद्देनजर एसडीएम अनिरुद्ध यादव (आईएएस) ने सोमवार को नांगल चौधरी रोड पर जल महल के समीप स्थित अनाज मंडी का निरीक्षण कर वहां किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ मार्केट कमेटी सचिव नुकुल यादव भी मौजूद रही। एसडीएम ने मंडी में किसानों की सहुलियत को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के सख्त निर्देश दिए।

एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने मंडी में पीने के पानी की उपलब्धता, शौचालयों की स्वच्छता और लाइटिंग जैसी मूलभूत सुविधाओं की जांच की। उन्होंने टोकन काटने के स्थान पर किसानों को भीषण गर्मी या धूप से बचाने के लिए छाया का विशेष प्रबंध करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि किसान अपनी बारी का इंतजार करते समय किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करें। यह व्यवस्था न केवल किसानों को आराम देगी, बल्कि खरीद प्रक्रिया को भी सुचारू बनाएगी।



नारनौल। मंडी का दौरा कर जायजा लेते एसडीएम अनिरुद्ध यादव। फोटो : हरिभूमि

दौरे के दौरान एसडीएम ने मंडी में पड़ी किसानों के बाजरे की ढेरियों की गुणवत्ता की भी जांच भी की। उन्होंने मंडी स्टाफ और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गुणवत्ता मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए और किसानों को उनकी फसल का सही दाम समय पर मिले। उन्होंने कहा कि तुलाई और भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसडीएम ने कहा कि यदि किसी किसान को अपनी उपज बेचने में या मंडी में किसी सुविधा को लेकर कोई समस्या आ रही हो तो वह तत्काल संबंधित अधिकारी से संपर्क करे।

### किसानों से जाना हालचाल

अनाज मंडी में मौजूद किसानों से बातचीत करते हुए एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने उनका हालचाल पूछा और उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया। किसानों ने प्रशासनिक सक्रियता पर संतोष व्यक्त किया, हालांकि कुछ किसानों ने शिकायत की कि नमी की मात्रा को लेकर खरीद एजेंसियां अनावश्यक सख्ती दिखा रही हैं। इस पर एसडीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमों का पालन करते हुए किसानों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाया जाए। एसडीएम ने जोर देकर कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य तुरंत मिले और वे अपनी फसल आसानी से बेच सकें। उन्होंने अधिकारियों को मंडी में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के भी आदेश दिए।

### बाजरे की आवक जारी सरकारी खरीद चालू नहीं

जल महल के नजदीक बनी मंडी में आजकल बाजरे की आवक जारी है। सोमवार को मंडी में करीब 430 क्विंटल की आवक हुई है। 15 किसानों ने गेट पास कटवाए। बता दें कि नारनौल मंडी में अब तक 62 गेटपास काटे गए हैं तथा लगभग 1664.50 क्विंटल बाजरे की अनुमानित आवक रही है। बाजरे की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद अब भी शुरू नहीं हो पाई है। ऐसे में ई-खरीद प्राइवेट परचेज में लगभग 204.50 क्विंटल बाजरे की खरीद हुई है। मंडी में प्राइवेट आढ़ती द्वारा 2201 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बाजरा खरीदा गया। मंडी में तमाम बाजरे की खरीद नहीं होने के कारण अब भी 1184.50 क्विंटल बाजरा बिना बिका हुआ पड़ा है। खरीद एजेंसी हरियाणा स्टेट वेयरहाउस की मैनेरज रुबी हुडा ने बताया कि मंडी में आते वक्त किसान एकदम साफ-सुथरा बाजरा लेकर आएं।

### समर्थन मूल्यों पर बाजरा खरीद के मापदंडों से किसान असंतुष्ट, नहीं हुई आवक

नांगल चौधरी। जिले की निर्धारित अनाज मंडियों में समर्थन मूल्यों पर बाजरे की खरीद आरंभ हो चुकी है। किंतु एजेंसी ने खरीद के मापदंड तय कर दिए जिन पर किसानों का बाजरा उतीर्ण नहीं। लावणी के दौरान हुई बारिश में सिट्टे भीगने से दाना डिसकलर हो गया। कलर फेट बाजरे को कमेटी ने खरीदने से इंकार कर दिया। जिससे आक्रोशित किसानों ने टोकन जनरेट कराने बंद कर दिए हैं। सोमवार को मार्केट कमेटी व खरीद एजेंसी के अधिकारी दिनभर इंतजार करते रहे तथा शाम चार बजे मंडी से रवाना हो गए। आपको बता दें कि सरकार ने बाजरे का समर्थन मूल्य 2775 निर्धारित किए हैं। साथ ही खरीद के मापदंड तय कर दिए जिसके अनुसार खरीद करने का शेड्यूल बनाया है, लेकिन लावणी के दौरान करीब 10 दिनों तक जोरदार बारिश हुई थी, खेतों में जलभराव होने से कड़बी और सिट्टे डूब गए थे। वीरवार को 11 किसान करीब 294 क्विंटल बाजरा लेकर मंडी में पहुंचे थे, लेकिन खरीद कमेटी ने मापदंडों पर अनफिट होने का तर्क देकर खरीदने से इंकार कर दिया। शुक्रवार को एक किसान बाजरा लेकर आया था किंतु डिसकलर क शर्तों से संतुष्ट नहीं हुआ और वापस घर चला गया। शनिवार की देर शाम अन्य किसान भी अपना बाजरा बिना बिक्री किए वापस लेकर गए हैं। सोमवार की सुबह खरीद कमेटी व मार्केट कमेटी के अधिकारी सुबह 9 बजे मंडी में उपस्थित हो गए थे। गेट पर कंप्यूटर ऑपरेटरों को टोकन में आढती का नाम दर्ज करने के निर्देश दिए गए ताकि किसानों को ढेरी लगाने में परेशानी नहीं रहे। किंतु मापदंडों में ढील नहीं मिलने की सूचना पर एक भी किसान मंडी में नहीं आया। हैफेड के प्रबंधक सुनील चौधरी ने बताया कि दाना डिसकलर होने के कारण बाजरे की खरीद संभव नहीं हुई। सोमवार को एक भी किसान बाजरा लेकर नहीं आया।


# हरिभूमि सहेली





विशेषः विजय दशमी-गांधी जयंती

श्रीराम के संपूर्ण जीवन से दृष्टिगत होता है कि वे स्त्रियों के मान-सम्मान के समर्थक-रक्षक थे। श्रीराम के अनन्य भक्त महात्मा गांधी उनके आदर्शों के अनुगामी थे, समाज में स्त्रियों को मान-सम्मान और समान अधिकार देने के पक्षधर थे। विजय दशमी-गांधी जयंती के अवसर पर स्त्रियों के संदर्भ में श्रीराम और महात्मा गांधी के आदर्शों का एक विवेचन।



## समाज में हो स्त्रियों का मान-सम्मान

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

मर्यादित जीवन और लोक कल्याणकारी नीतियों के लिए मान पाने वाले प्रभु श्रीराम की हर सीख स्त्रियों के लिए सुरक्षित परिवेश बनाती है। मानवीय संवेदनाओं से भरा श्रीराम का व्यवहार हर महिला को सम्मानजनक पारिवारिक माहौल देने की शिक्षा देता है। वहीं समानता और अहिंसा के समर्थक बापू का जीवन भी स्त्रियों की जिंदगी सहज करने वाले कई पाठ लिए है। असल में स्त्रियों के सपने और आशाएं सुरक्षा, सम्मान, समानता और मर्यादित माहौल में ही पूरे हो सकते हैं। महिलाओं का निर्भय मन ही कामयाबी की उड़ान भर सकता है। घर हो या दफ्तर, संयत-अनुशासित परिवेश ही सफलता की राह पर उन्हें कदम बढ़ाने का हौसला देता है। बराबरी के भाव से हर महिला का मनोबल बढ़ता है। प्रभु श्रीराम जैसे समर्पित जीवनसाथी हों या महात्मा गांधी के समान बहू-बेटियों को आगे बढ़ाने वाले वरिष्ठजन, जरूरी है कि समानता के भाव से भरा मर्यादित परिवेश बनाने के लिए समग्र समाज आगे आए।

**पारिवारिक अपनेपन का भावः** प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व में परिवार से गहरा जुड़ाव दिखता है। सच्चे जननायक मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का यह जुड़ाव मां कैकेयी द्वारा उनके लिए वनवास मांगे जाने पर भी बना रहा। सदाचारी सोच में समाई उनकी सहजता में अपनी माता के प्रति ही नहीं, मातृशक्ति के प्रति मान का भाव दिखता है। हमारे यहां आज भी महिलाओं को घर-परिवार में अपनेपन का माहौल नहीं मिलता। इन परिस्थितियों में महिलाएं अपनी योग्यता और क्षमता का सही इस्तेमाल नहीं कर पातीं। मन की पीड़ा कहने का अवसर नहीं मिलता। अपने सपनों को साकार करने की बात अपनों से कहने में भी हिचकिचाहट होती है। शारीरिक ही नहीं, बहुत-सी स्वास्थ्य समस्याएं भी अपनेपन के अभाव से ही घेरती हैं। ऐसे में पारिवारिक परिवेश में संवेदनाएं सींचने और संबंधों में निश्छल प्रेम को पोसने के लिए भगवान श्रीराम का जीवन सार्थक दिशा देता है। यह सकारात्मक दिशा, स्त्री जीवन की दशा बदलने के लिए बहुत आवश्यक है। इसी बदलाव की बदौलत समानता का भाव पनपता है। यही समान भाव रखने की सीख बापू ने भी दी है। महात्मा गांधी का कहना था, 'स्त्रियां पुरुषों की प्रतिद्वंद्वी नहीं हैं। महिलाओं और पुरुषों में आत्मा एक ही है और उनकी समस्याएं भी एक जैसी हैं। महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं।' परिवार में स्त्रियों के प्रति अपनत्व और आत्मीयता का यह बर्ताव, उनकी बेहतरी से गहराई से जुड़ा है।



### सम्मान और मर्यादित बर्ताव

रावण के अहंकार को अपनी विनम्रता से पराजित करने वाले भगवान श्रीराम ने नारी शक्ति को सदैव सम्मान दिया। रघुनंदन श्रीराम ने स्त्रियों के साथ मर्यादित व्यवहार करने के उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन में भी अपनाया। जीवनसंगिनी सीता हों या माता कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा। प्रेम भाव रखने वालीं परम भक्त शबरी हों, पत्थर बनने का श्राप पाने वाली देवी अहिल्या हों या राक्षस कुल में जन्मी शूर्पनखा। उनके शब्दों और व्यवहार में सभी के प्रति आदरभाव ही प्रकट हुआ। नारी को सृजन शक्ति के रूप में देखने वाले प्रभु श्रीराम ने स्वयं मां आदिशक्ति की उपासना की।

**अहंकारी स्वभाव से बचने का संदेशः** श्रीराम की विजय और रावण की पराजय के रूप में दशहरे का पर्व अहंकारी स्वभाव से बचने का भी संदेश देता है। हमारे सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में पुरुषों के अहंकार का दंश स्त्रियां ही सबसे अधिक झेलती हैं। यह दंभ महिलाओं के लिए बोली जाने वाली भाषा से लेकर उन्हें हर मामले में कम आंकने के बर्ताव तक अपनी मौजूदगी रखता है। यही वजह है कि महिलाओं के प्रति सभ्य बर्ताव की सीख महात्मा गांधी ने भी दी है। जैसे भगवान श्रीराम ने देवी अहिल्या को श्राप से मुक्त किया, वैसे ही बापू ने भी पर्दा प्रथा, अशिक्षा, बाल-विवाह और दहेज जैसी कुरीतियों के श्राप से महिलाओं को मुक्ति दिलाने का आह्वान किया। महात्मा गांधी ने पुरुषों के अभिमान को पोसने और दबकर रहने के बजाय स्त्रियों को अपनी शक्तियां पहचानने को प्रेरित किया। सशक्त और स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने की राह दिखाई। समझना आवश्यक है कि सम्मान और मर्यादित बर्ताव महिलाओं की बहुत-सी समस्याओं का हल है।

**स्त्रियों का साथ दे समाजः** किसी संकट, अपमानजनक स्थिति या आपराधिक घटना का शिकार होने पर स्त्रियां अकेली पड़ जाती हैं। अपने हों या पराए, सभी दोषारोपण करने लगते हैं। समग्र समाज महिलाओं पर ही सवाल उठाने लगता है। पीड़ादायी परिस्थितियों में जीवनसाथी तक मुंह मोड़ लेते हैं। ऐसे में असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा स्त्रियों के मान को ठेस पहुंचाने वाले लोगों के विरुद्ध एकजुट होने का भी संदेश देता है। रावण द्वारा एक स्त्री यानी माता सीता के अपमान का दंड देने के लिए ही प्रभु श्रीराम ने रावण से युद्ध किया। सही और गलत का फर्क समझते हुए उनका साथ स्वयं रावण के भाई विभीषण ने भी दिया। पत्नी मंदोदरी ने भी रावण को सीता हरण के लिए अपनी गलती मानने और स्त्रीशक्ति के प्रति सम्मान का भाव रखने को ही कहा। व्यावहारिक रूप से समाज और परिवार में यह महिलाओं के समर्थन में खड़े होने की सोच नदारद ही रही है। घर हो या बाहर, स्त्रियां भी पीड़ित महिला के पक्ष में खड़ी नहीं होतीं। यह महिलाओं के मान को ठेस पहुंचाने वाला ही नहीं, उनका मनोबल तोड़ने वाला बर्ताव भी है। जबकि गांधीजी ने कहा था कि समाज की उन्नति महिलाओं के सम्मान-सुरक्षा पर निर्भर करती है। बापू ने न केवल महिलाओं के प्रति हिंसा और अन्याय का मुखर विरोध किया बल्कि समाज से भी आधी आबादी के समर्थन में आवाज उठाने का आह्वान किया। बापू का कहना था, 'स्त्री और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं। आपसी सहयोग के बिना दोनों का अस्तित्व असंभव है।' इसका मतलब ही है कि हर परिस्थिति में स्त्रियों को जीवन साथी का सहयोग मिलना चाहिए। समाज को हर भेदभाव से परे उनकी भूमिका समझनी चाहिए। जीवन के हर उतार-चढ़ाव में परिजनों को उनका साझीदार बनना चाहिए। खासकर किसी परेशानी के दौर में 'जजमेंटल' हुए बिना स्त्रीमन को समझा जाना चाहिए।




## बच्चों को बताएं दशहरे का संदेश

हमारे पर्व हमें कोई ना कोई बड़ा संदेश जरूर देते हैं, हमें जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। दशहरा का पर्व भी हमें अन्याय ना सहने और सत्यता, नैतिकता के पथ पर चलने का संदेश देता है। हम अपने बच्चों को दशहरे का संदेश बताएं और उन्हें संस्कारवान बनाएं।

परवरिश

सरस्वती रमेश



दशहरा, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। इसे मनाने के पीछे एक गहरा संदेश छिपा हुआ है- हम अच्छाई यानी सत्य के मूल्यों को अपने जीवन में उतारें ताकि हमारे जीवन में अच्छाई की रोशनी फैले। जीवन की शुरुआत बाल्यकाल से होती है। सवाल है कि अच्छाई के इस प्रकाश से अपने नन्हे-मुन्नों को कैसे परिचित कराएं? उनके जीवन में इस प्रकाश को कैसे उतारें? उन्हें रावण दहन और विजय दशमी के महत्व को कैसे बताएं? जानें-

**कहानी के माध्यम से बताएंः** बच्चों को कहानियां बहुत भाती हैं। इनसे वे बहुत प्रभावित होते हैं। कहानी के जरिए हम उन्हें कठिन से कठिन बात को सरलता से समझा सकते हैं। हम जानते हैं, महान लोगों की जीवनी से लेकर, महत्वपूर्ण घटनाओं तक को कहानी का रूप देकर बच्चों को उनकी पाठ्य-पुस्तकों में समझाया जाता है। बच्चे कहानी के पात्रों को अपना नायक समझने लगते हैं। उनसे प्रेरित होकर, उन जैसा बनने का प्रयास करते हैं। इसलिए कहा जाता है, बचपन में बच्चों को वीर और महान लोगों की कहानियां सुनानी चाहिए। दशहरे पर भी उन्हें श्रीराम के जीवन से जुड़ी प्रेरक कथाओं को सुनाएं। उन्हें बताएं कि श्रीराम एक आज्ञाकारी पुत्र थे। साथ ही वे धैर्यवान, वीर, साहसी थे, सभी से प्रेम भी करते थे। श्रीराम के साथ ही भरत, लक्ष्मण और हनुमान की कहानियां भी प्रेरणादाई हैं, इन्हें भी बच्चों को सुनाएं।



**दशहरे का मतलब समझाएंः** दशहरा तो हम सभी मनाते हैं, लेकिन अकसर यह देखा जाता है, माता-पिता अपने बच्चों को त्योहार को मनाने के पीछे का संदेश बताना भूल जाते हैं। इस बार जब दशहरा मनाएं तो अपने बच्चों को इसका महत्व जरूर बताएं। रावण बुराई का प्रतीक है। इसलिए हर वर्ष उसका पुतला दहन किया जाता है, लेकिन बुराई तो हम सबके भीतर भी रहती है। इसे कैसे नष्ट किया जाए। इस बारे में भी बच्चों को बताना जरूरी है। बच्चों को यह अहसास कराना जरूरी है कि अपने भीतर की बुराइयों को प्रयासपूर्वक ही समाप्त किया जा सकता है। एक अच्छा और नेक इंसान बना जा सकता है।

**बुराइयां खत्म करने के तरीकेः** दशहरा हमारे भीतर की बुराइयों को खत्म करने का प्रतीक है। बच्चों को इन बुराइयों से बचाकर ही संस्कारवान बनाया जा सकता है। यदि बच्चों को संस्कारवान बनाना है तो बचपन से ही उनमें अच्छी आदतें डालनी होंगी। इसके लिए जरूरी है, पहले उनके अंदर की बुराइयों को बाहर किया जाए। इस दशहरे पर अपने बच्चों से पूछें कि उन्हें अपनी कौन-सी बुरी आदत से छुटकारा पाना है? उन्हें कागज पर लिखने के लिए कहें कि वे इन बुरी आदतों से क्यों छुटकारा पाना चाहते हैं? फिर उन्हें छुटकारे के तरीके सुझाएं और उस पर अमल करने को कहें। लिखने से उन्हें गलत बातों से होने वाले नुकसान के बारे में गहराई से पता चलेगा और वे उनसे बचने के उपाय भी अपनाएंगे। इसी तरह उनके भीतर अच्छी आदतों को भरने के लिए नए-नए आइडिया सुझाएं। समय-समय पर गलत आदतों से होने वाले नुकसान के बारे में भी सचेत करें।

याद रखिए, त्योहारों को मनाने की सार्थकता तभी है, जब उससे हमारा समाज बेहतर बन सके। समाज तभी अच्छा बनेगा, जब हमारे बच्चे संस्कारवान, ईमानदार और सच्चाई की राह पर चलेंगे।

फिटनेस फंडा

सोनल पंवार

इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में इंस्पेक्टर मलिका का किरदार निभा रहीं सोनल पंवार न सिर्फ एक्टिंग में माहिर हैं, बल्कि फिटनेस के मामले में भी पूरी तरह से डिसिप्लिन में रहती हैं। इसके लिए वह क्या करती हैं, सहेली को सोनल बता रही हैं अपनी जुबानी।


## जरूरी है वर्कआउट मेंटल वेलनेस में बैलेंस

मेरा मानना है कि एक एक्ट्रेस के लिए सिर्फ खूबसूरत दिखना ही नहीं, बल्कि अंदर से एनर्जेटिक और पॉजिटिव रहना भी बहुत जरूरी है।

इसके लिए मैं डेली वर्कआउट और अपनी डाइट पर फोकस करती हूं। हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए टाइम निकालना मेरे लिए बहुत जरूरी है क्योंकि इससे मेरी मेंटल हेल्थ भी सही रहती है।


**फिटनेस है जरूरीः** मेरे विचार में अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है। फिटनेस मुझे पॉजिटिव सोच, कॉन्फिडेंस और जीवन का पूरा आनंद लेने की शक्ति देता है। लंबी शूटिंग और एक्शन सींस के दौरान एनर्जी बनाए रखना तभी मुमकिन है, जब आपकी बॉडी स्ट्रॉन्ग हो।

**फिटनेस आइडियलः** मेरा फिटनेस आइडियल मेरे पापा और भाई हैं, जो आर्मी बैकग्राउंड से हैं। बचपन से ही मैंने उन्हें फिटनेस, अनुशासन और



समय की पाबंदी के साथ रहते देखा है। उनका रूटीन और डेडिकेशन मुझे हमेशा मोटिवेट करता है। वो चाहे किसी भी कंडीशन में हों, उनका सेल्फ कंट्रोल और एनर्जी लेवल कमाल का होता है। मेरे लिए वही असली रोल मॉडल हैं।

**हेल्दी-एनर्जेटिक होना जरूरीः** मेरे लिए स्लिम-ट्रिम दिखने से ज्यादा इंपॉर्टेंट है खुद को हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक महसूस करना। कैमरे पर तो मेकअप मदद कर देता है, लेकिन स्टेमिना और फुर्ती सिर्फ संतुलित आहार और ट्रेनिंग से आती है। जब आप अंदर से हेल्दी रहते हैं तो सेल्फ कॉन्फिडेंस अपने आप चेहरे पर झलकने लगता है।



**डाइट प्लानः** मैं दिन की शुरुआत भीगे हुए बादाम खाने से करती हूं। नाश्ते में आमतौर पर ऑमलेट-ब्रेड या ओट्स लेती हूं। मेरे लंच में चावल, दाल, हरी-सब्जी और सलाद शामिल होता है। रात का खाना हल्का लेती हूं, जैसे- रोटी, ग्रिल्ड पनीर, सूप या खिचड़ी। साथ ही दिनभर में ढाई-तीन लीटर पानी पीती हूं।

**वर्कआउट शेड्यूलः** मैं हफ्ते में चार दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और दो दिन कार्डियो करती हूं। सेशन से पहले 15 मिनट की डायनेमिक स्ट्रेचिंग जरूर करती हूं। रोज 20 मिनट कुछ योगासन और प्राणायाम कर लेती हूं। शूट वाले दिन अगर जिम नहीं जा पाती तो सेट पर ही 10,000 स्टेप्स वॉक और रेजिस्टेंस बैंड वर्कआउट कर लेती हूं।

**इन्हें भी करती हूं फॉलोः** वीक में एक दिन इंटरमिटेंट फास्टिंग रखती हूं, जिससे शरीर डिटॉक्स हो। अकसर लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों से फ्लोर चढ़ती-उतरती हूं। आउटडोर सीन के बीच-बीच में स्क्वैट्स या प्लैंक्स कर लेती हूं। डांस वर्कशॉप्स भी जॉइन करती रहती हूं, क्योंकि म्यूजिक के साथ डांस तन-मन दोनों को तरोताजा कर देता है।

**मेंटली फिटः** मैं मेंटली फिट रहने के लिए दिन में कम से कम दस मिनट तक ध्यान करती हूं और शूट से पहले पांच गहरी सांसें लेकर माइंडफुलनेस प्रैक्टिस करती हूं। सोशल मीडिया ब्रेक और किताबें पढ़ना मेरे दिमाग को आराम देते हैं। परिवार के साथ समय बिताना भी मेरे लिए थेरेपी की तरह है।

**ग्लो पाने के लिए योगाभ्यासः** चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए रोजाना कपालभाती, भ्रामरी और फेस योगा करती हूं। सूर्य नमस्कार करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और त्वचा में नेचुरल ग्लो आता है। डेली पूरी नींद लेती हूं, क्योंकि अच्छी नींद से फेस ग्लो करता है।

प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## बालों की कई समस्याएं करे दूर मुलेठी



बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए :** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग :** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिएः** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को भरपूर मजबूती मिलेगी।

**सफेद बालः** असमय बालों की सफेदी रोकने के लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम करता है।

दायित्व

यशोधरा भटनागर

बुजुर्ग हमारे परिवार के मूलाधार होते हैं। बावजूद इसके बहुत से वृद्धजन उपेक्षित, एकाकी जीवन गुजारने को बाध्य होते हैं। जरूरी है, हम उनकी महत्ता को समझें, उनका सम्मान करें।

## परिवार की अनमोल धरोहर हैं हमारे बुजुर्ग



परिवार केवल चार दीवारों से बना मकान नहीं होता, बल्कि भावनाओं, रिश्तों और संस्कारों का जीवंत संसार होता है। इस घर-संसार की सबसे अनमोल धरोहर होते हैं परिवार के बुजुर्ग, जो अपने श्रम, त्याग और अनुभव से घर की नींव मजबूत करते हैं और आने वाली पीढ़ियों को संस्कारित करते हैं। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (1 अक्टूबर) यह अवसर देता है कि हम उनकी स्थिति सुधारने की दिशा में विचार करें और प्रयास करें।

**अपनों के साथ को तरसतेः** घर कितना भी सुंदर क्यों न हो, उसकी असली रौनक तो बड़े-बूढ़ों से ही होती है। दादा-दादी की कहानियां, नाना-नानी के संस्कार और माता-पिता के आशीर्वाद, यही तो वह पूंजी है, जो परिवार को संपूर्ण बनाती है। लेकिन आज का कटु सत्य यह है कि जिनके कंधों पर बैठकर हमने तारों से सजा आकाश देखा था, उन्हीं के लिए हमारे घरों में जगह कम पड़ गई है।

**बदलती जीवनशैली का प्रभावः** आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी, दूर-दराज शहरों और विदेशों में बसे बच्चों की व्यस्तता, आर्थिक दबाव और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं बुजुर्गों में बढ़ते एकाकीपन के बड़े कारण हैं। बेटे-बेटियां अपनी जिम्मेदारियों में उलझे रहते हैं और वृद्ध माता-पिता का स्थान धीरे-धीरे घर की परिधि से हटकर वृद्धाश्रमों की दीवारों में सिमट जाता है। आंकड़े बताते हैं कि वृद्धाश्रमों की संख्या लगातार बढ़ रही है, यह हमारे सामाजिक ताने-बाने की कमजोरी का स्पष्ट संकेत है। जिनकी अंगुली पकड़कर चलना सीखा, जिनकी गोद में बैठकर दुनिया देखी, आज वही अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में अकेलेपन से घिरकर प्रतीक्षा करते हैं उस पल की, जब कोई उनसे पूछे, 'आप कैसे हैं?'

**संस्कारों का क्षरणः** भारतीय संस्कृति में कहा गया है, 'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव।' हमारे यहां बुजुर्गों को अनुभवों का अक्षय स्रोत माना गया है। लेकिन बदलती जीवनशैली में जब 'संस्कार' की जगह 'सुविधाएं' और 'परंपरा' की जगह 'प्रौद्योगिकी' ने ले ली, तब रिश्तों की ऊष्मा धीरे-धीरे कम होने लगी। हम भूलते जा रहे हैं कि वृद्धजनों के अनुभव संकट की घड़ी में हमारे मार्गदर्शक हो सकते हैं। हमारे बच्चे संस्कारों का सबसे ज्यादा ज्ञान, दादा-दादी और नाना-नानी से ही पाते हैं, लेकिन आज हम उन्हें बोझ मानने लगे हैं।

**हम समझें अपने दायित्वः** हमें स्वयं से पूछना चाहिए, क्या हम अपने बुजुर्गों को उचित सम्मान, संवाद और अपनापन दे पा रहे हैं? हम कभी ना भूलें कि एक दिन हम सबको भी वृद्ध होना है। याद रखें, वृद्धजन हमारे परिवार की जड़ें हैं। यदि जड़ें ही सूख जाएंगी, तो शाखाएं भला कैसे हरी रह पाएंगी? यही समय है कि हम उनके हाथ थाम लें और उनकी आंखों में झांककर कहें, 'आप अकेले नहीं हैं, हम आपके साथ हैं।'

### समाधान की राह

बुजुर्गों के समक्ष उपस्थित कई तरह की समस्याओं के समाधान के लिए आप यहां बताई जा रही कुछ बातों पर अमल कर सकते हैं।

- आप अपने वृद्ध माता-पिता से चाहे पास रहते हों या दूर, रोज कुछ पल बात करें। एक कॉल, एक संदेश ही उनके लिए जीवन का संबल बन सकता है।
- परिवार के बुजुर्ग सदस्य के अनुभवों को सुनें और उनकी उपस्थिति को महसूस कराएं।
- अपने बच्चों को शुरू से सिखाएं कि बुजुर्गों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है।
- मोहल्लों और समाज में ऐसे केंद्र शुरू होने चाहिए, जहां बुजुर्ग मिल-जुलकर संवाद कर सकें और अकेलेपन से बाहर आ सकें।

## खबर संक्षेप



### नर नारायण सेवा समिति ने आयोजित की विचार गोष्ठी

**नारनौल।** नर नारायण सेवा समिति की ओर से शहीदे ए आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती पर रविवार शाम विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता समिति अध्यक्ष राम सिंह माधुर ने की। मौके पर गोष्ठी में समिति के संरक्षक परमानंद दीवान, वरिष्ठ नागरिक संगठन के जिला प्रधान दुलीचंद शर्मा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान घनश्याम दास शर्मा आदि ने विचार रखें।

### नाले पर सेफ्टी वॉल न होने से बना है हादसों का भय

**मंडी अटेली।** अटेली-बहरोड़ सड़क मार्ग पर स्थित गांव बिहाली में गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले पर सेफ्टी वॉल नहीं होने से हादसे होने का भय बना हुआ है। गांव के निवासी रामदेव, नवीन, मोनू, सोनू, राजकुमार पंच व हवासिंह आदि का कहना है कि यह सड़क मार्ग राजस्थान की सीमा से जुड़ा हुआ है, वहीं नाला भी गांव के मुख्य मार्ग के साथ बना हुआ है, जिस पर काफी वाहनों का आवागमन रहता है, लेकिन सड़क मार्ग पर सेफ्टी दीवार नहीं होने के कारण हादसे होने का भय बना हुआ है।

### छात्रों ने की नेताजी की प्रतिमा की साफ-सफाई

**नारनौल।** सेवा पर्व के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार 13वें दिन विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। प्रधानाचार्य विनोद कुमार खनगवाल के मार्गदर्शन में आज छात्रों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क का भ्रमण करवाया। छात्रों ने नेताजी की प्रतिमा के आसपास की साफ सफाई भी की। उप प्रधानाचार्य जीवन कुमार जिंदल ने युवाओं को करियर के बदलते स्वरूप, कार्यक्षेत्र की मांगों को समझने और उनके लिए सही मार्ग खोजने के बारे मे जानकारी दी। इस मौके पर वर्ग अनुदेशक सुनील कोसलिया, जगदीश, राजेश, गुरदयाल, अमित, मनीषा यादव, सुदर्शन, रविंदर, मनोज और छात्र मौजूद थे।

## रामलीला परिषद के रंगमंच पर सीता हरण की अदभुत लीला का मंचन

# पुष्पक विमान से हवा में सीता को हर ले गया रावण, जनसमूह ने जमकर तालियां बजाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

रामलीला परिषद के रंगमंच पर सीता हरण की अदभुत लीला के मंचन के दौरान रावण द्वारा आकाश मार्ग से मां सीता को ले जाने के हैरतअंगेज दृश्य को देखकर जनसमूह ने जमकर तालियां बजाई। पंचायत समिति चेयरपर्सन विजयलक्ष्मी खोश्या व जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य विवेक खैरवाल मुख्य अतिथि थे। समाजसेवी राजेश लोहिया, रामविनोद कौशिक विशिष्ठ अतिथि थे। सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर लीला का शुभारंभ किया।

चेयरमैन विजयलक्ष्मी खोश्या व विवेक खैरवाल ने कहा कि सनातन धर्म में प्रत्येक घर में रामायण का पाठन करना संस्कारों को जीवित रखना है। रावण के अभिनय में होशियार सैनी, सीता के अभिनय में पंकज यदुवंशी के संवादों ने दर्शकों की जमकर



**महेंद्रगढ़।** माता सीता का हरण कर आकाशमार्ग से लेकर जाता रावण।

तालियां बटोरी। राम के अभिनय में रवि सैनी, लक्ष्मण के अभिनय में जयसिंह, खर-दूषण के चिराग शर्मा व अरुण खोरीवाला, अगस्त्य ऋषि के कृष्णस्वरूप पचौरी, शबरी के अभिनय में सतीश गौड़ को दर्शकों ने खूब सराहा। इस मौके पर विजयलक्ष्मी खोश्या, विवेक खैरवाल, रामचन्द्र जांगड़ा, रमेश कौशिक, अमित मिश्रा, अतुल दीवान, कुलदीप शर्मा, राजेन्द्र पोपली, प्रेरणा यादव, तरंग जोशी, भूषण गोयल, सुमित मेहता, मोहनलाल पाथेड़ा, कैलाश धरसूंवाला, अनिल सेठ, राजेश बोहरा, बिट्टू सैनी, प्रदीप सेन, लाला गोस्वामी, गौतम लाला उपस्थित रहे।



**नारनौल।** रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि

### प्रभु राम ने महाबलशाली बाली का अंत किया

**नारनौल।** श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाड़ा में रविवार रात्रि शबरी मिलन, सुग्रीव मित्रता व बाली वध की लीला का मनमोहक मंचन मंझे हुए कलाकारों द्वारा मनोज वर्मा के कुशल निर्देशन में किया गया। रामलीला ट्रस्टी अशोक पांडे ने बताया कि रविवार को दीपक हरित ने राम, अनिल चौहान ने लक्ष्मण, तरुण सोनी ने हनुमान, मोहित सोनी ने सुग्रीव, राजेश सोनी ने शबरी, बलवंत सैनी ने बाली, राजेश सोनी ने तारा, भोली ने अंगद व फौजदार ने जामवंत के किरदारों में अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला के मुख्य अतिथि रेडक्रॉस चेयरमैन महेश जोशी, भारत भूषण सैनी ने गणेश वंदना कर रामलीला का शुभारंभ किया। वहीं डॉ हितेश वर्मा, लखीराम अग्रवाल, अंजनी शास्त्री व हेमंत पटियाला वाले विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ट्रस्ट प्रधान संजय गर्ग ने कार्यकारिणी के साथ सभी अतिथिगणों को पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया।



### सैनीपुरा रंगमंच पर सीता हरण लीला का मंचन

**महेंद्रगढ़।** श्री हनुमान रामलीला कमेटी सैनीपुरा के भव्य रंगमंच पर रविवार रात्रि को भगवान श्रीराम की अत्यंत मार्मिक व हृदयस्पर्शी लीला सीता हरण का मंचन किया गया। लीला की शुरूआत पंचवटी के दृश्य से हुई। मंच पर सजीव साज सज्जा, रंग बिरंगी रोशनियां और मनमोहक झांकियों ने वातावरण को दिव्य और अलौकिक बना दिया। पंचवटी का यह दृश्य लीला का मुख्य आकर्षण रहा। मुख्य अतिथि कैलाश सैनी प्रमुख समाजसेवी ने रामलीला के सफल आयोजन के लिए कमेटी की सराहना की। अध्यक्षता रामजीवन मित्तल ने की। राम की भूमिका में रेविन गौरा ने गंभीरता व शौर्य का परिचय दिया, लक्ष्मण का अभिनय कर रहे शिवा सैनी ने अपने भावनात्मक संवादों से दर्शकों को प्रभावित किया। सीता की भूमिका में तनिश बाछौदीया ने अपनी सादगी से भक्तों के नेत्रों को नम कर दिया।

### अटेली की रामलीला में सीता हरण का किया मंचन



**मंडी अटेली।** अटेली के झंडा चौक पर श्री शिव रामलीला समिति के नेतृत्व में चल रही रामलीला में सीता हरण, हनुमान मिलन की लीला का मंचन देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। मंचन में दिखाया गया कि मारीच स्वर्ण मृग का रूप धारण कर पंचवटी के समीप आया। सीता के आग्रह पर भगवान राम उसका शिकार करने चले गए। राम के जाने के बाद लक्ष्मण ने सीता के चारों ओर एक रेखा खींचकर उन्हें बाहर न निकलने की हिदायत दी और राम के पीछे चले गए। इसी बीच लंकापति रावण साधु का वेश धारण कर पंचवटी पहुंचा और सीता से भिक्षा मांगी। सीता द्वारा रेखा पार करते ही रावण अपने असली रूप में आ गया और उनका हरण कर लिया।

# विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में 'अनुशासनहीनता पर बच्चों को दण्ड देना चाहिए या नहीं' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। इसका शुभारम्भ संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने किया। इस प्रतियोगिता में राधाकृष्ण हाउस की हंसिका पुत्री संजीव (कक्षा पांचवीं) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार मीरा बाई हाउस की मुस्कान पुत्री रविन्द्र (कक्षा तीसरी) ने द्वितीय और मंगल पांडे हाउस की बुलबुल पुत्री धर्मवीर (कक्षा तीनसरी) एवं आनवी चैधरी पुत्री हरदीप (कक्षा पांचवीं) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर संस्था की





**नारनौल।** प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने बताया कि स्कूल में पढ़ाई के साथ साथ बच्चों के मनोरंजन का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। प्राचार्य विनोद कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान होता है व उनमें निर्णय लेने की क्षमता में भी वृद्धि होती है। प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने सभी बच्चों व विद्यालय स्टाफ का धन्यवाद किया।

इस मौके पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव, उप प्राचार्य सपना मल्होत्रा, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

# डीएवी स्कूल में हुआ शक्ति वंदन कार्यक्रम

## विद्यालय में 21 कुंडीय हवन का आयोजन, कन्या भोज करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

एमएलएसडी डीएवी स्कूल में सोमवार नवरात्रि पर्व पर शक्ति-वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य नारी की शक्ति को प्रदर्शित करना और नवरात्रि के वैज्ञानिक महत्त्व को स्पष्ट करना रहा। शक्ति-वंदन कार्यक्रम के उपलक्ष्य में विद्यालय में 21 कुंडीय हवन का आयोजन किया गया तथा कन्या भोज करवाया गया। हवन के माध्यम से वातावरण की शुद्धि, सकारात्मकता, संस्कार व वैदिक परम्परा को आगे बढ़ाना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था।

हवन के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश यादव एवं उनकी पत्नी सुमन बाला यादव, विशिष्ट अतिथि नगर परिषद की



**नारनौल।** हवन में आहूति देते विधायक एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

चेयरपर्सन कमलेश सैनी, राधेश्याम सर्राफ, कृष्णा आर्या, बलदेव सिंह चहल, विजय सांगवान, धर्मचंद छाबड़ा, कविन्द्र सचदेवा, श्रीराम सर्राफ, अनिल सर्राफ, मुकेश जैन, डॉ. प्रीति चौधरी, डॉ. महेन्द्र शर्मा, धीरज फौजदार, राम निवास यादव, सत्यपाल दहिया, डीएवी स्कूल बहरोड के प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद गौतम, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल से मन्जू मल्होत्रा मौजूद रही। प्राचार्य राजेश कुमार ने अतिथियों को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं प्रधानाचार्य महोदय के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भाषण, गायन, नृत्य, नाटक व कविताओं के माध्यम से नारी शक्ति को प्रदर्शित किया। इसके साथ ही सत्र 2024-25 में डीएवी राष्ट्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को 5100 रुपये का चैक डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति के द्वारा प्रदान किया गया।

### सम्मानित किया

शक्ति वंदन के अवसर पर सत्र 2024-25 के कक्षा दसवीं व बारहवीं के उन छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देकर विद्यालय का नाम रोशन किया हैं।

# विकसित देश बनाने के लिए युवाओं का शिक्षित होना अत्यंत जरूरी : टंकेश्वर

- एसडी विद्यालय ककराला में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

युवा किसी भी देश की अमूल्य निधि होते हैं। देश का उज्जवल भविष्य युवाओं की दिशा पर निर्भर करता है। जिस देश के युवा जितने अधिक शिक्षित एवं कौशल परक होते है वह देश उतनी की उन्नति की ओर अग्रसर रहता है।

ये विचार हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो टंकेश्वर कुमार ने एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में युवा सेवा फाउंडेशन सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। विद्यालय पहुंचने पर





**कनीना।** नकद राशि तथा प्रमाण देकर सम्मानित करते वीसी प्रो टंकेश्वर कुमार व अन्य।

चेयरमैन जगदेव यादव ने टंकेश्वर कुमार व अन्य अतिथियों को गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया।

तदुपरांत वीसी ने 'समुत्कर्ष विद्यार्थी प्रोत्साहन उपक्रम' कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने मेधावी छात्राओं को नकद राशि व प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर का जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा पुंज है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था 'अगर मुझे एक सौ युवा ऐसे मिल जाएं जो अपने राष्ट्र के लिए पूरी तरह समर्पित हो तो मैं भारत देश की दिशा एवं दशा बदल सकता हूं'। देश को विकासशील से विकसित भारत बनाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधे पर है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का यह प्रयास क्षेत्र की प्रतिभाओं को सफलता की सीढीयों पर पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा।



**नारनौल।** शिविर में सम्मानित करते हुए विधायक ओमप्रकाश यादव।

### शिविर में 350 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**नारनौल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत सोमवार को जिला भाजपा की ओर से आईटीआई में जिला स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ओमप्रकाश यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, भाजपा सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक राकेश शर्मा, आईटीआई प्राचार्य विनोद खनगवाल मौजूद रहे। शिविर का संचालन भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेन्द्र राव एडवोकेट के मार्गदर्शन में किया गया जबकि आयोजन की मुख्य जिम्मेदारी डॉ. अनिल सैनी ने निभाई। शिविर में 350 से अधिक लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विभिन्न चिकित्सा विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सेवाएं दीं, जिनमें जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग, नेत्र रोग, दंत चिकित्सा, आयुष चिकित्सा और जनरल सर्जरी शामिल रहीं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने डॉक्टरों की प्रमुख टीम में शामिल डॉ. सुरजीत, डॉ. सरिता, डॉ. कार्तिक, डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. विजय, डॉ. रविंद्र सैनी, डॉ. रितु परन का विशेष आभार प्रकट किया। जांच कराने वालों को जरूरत अनुसार निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

# डॉ. मनोज कुमार शेखावाटी फाउंडेशन झुंझुनूं के कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सिंघानिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार सेवानिवृत्त आईएएस को शेखावाटी फाउंडेशनए झुंझुनूं की कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने उन्हें औपचारिक रूप से प्रदान किया।

इस अवसर पर शेखावाटी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम झुंझुनूं एकेडमी परिसर में संपन्न हुआ। जिसमें शिक्षा, प्रशासन व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में सिंघानिया विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. प्रेसिडेंट एवं कैंपस निदेशक प्रो. पीएस जस्सल, प्रो. प्रेसिडेंट एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी





**नारनौल।** डॉ. मनोज कुमार को कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपते हुए।

सुनील कुमार सोबती, झुंझुनूं एकेडमी के संस्थापक डॉ. दिलीप मोदी भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार ने कार्यकारिणी सदस्य पद की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए जिले के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि सिंघानिया विश्वविद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक कल्याण, स्वास्थ्य सेवाओं, ग्रामीण विकास तथा युवाओं के कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है और आगे भी करता रहेगा। इस अवसर पर सिंघानिया संस्थान के सभी सहयोगियों व सदस्यों ने डॉ. मनोज कुमार को बधाई दी।

## रक्त का कोई विकल्प नहीं, दान किया हुआ रक्त किसी के बहुमूल्य जीवन को बचाता है: डीएसपी

थाना शहर महेंद्रगढ़ परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित

# सेवा पखवाड़ा के तहत पुलिस के जवानों ने 26 यूनिट रक्तदान कर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सेवा पखवाड़ा के तहत पुलिस की ओर से स्वच्छता, पौधारोपण, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, साइबर सुरक्षा, रक्तदान और सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभिन्न सामाजिक व जनहितैषी अभियानों की मुहिम चलाई हुई है। इन अभियानों को सफल बनाने के लिए एसपी पूजा वशिष्ठ स्वयं पूरे अभियान की निगरानी कर रही हैं। सेवा पखवाड़े के तहत सोमवार को पुलिस की ओर से शहर थाना परिसर में



**महेंद्रगढ़।** शिविर में रक्तदाता को बैज लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी रैंकों के पुलिसकर्मियों सहित आम नागरिकों ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत डीएसपी दिनेश कुमार ने की। उन्होंने रक्तदान करने वालों से मुलाकात कर उनकी सराहना की और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। डीएसपी ने कहा कि रक्तदान सेवा का सबसे सुंदर तरीका है, जो न केवल जीवन बचाता है, बल्कि समाज में मानवता और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करता है। उन सभी का आभार व्यक्त करते है, जिन्होंने इस नेक कार्य में भाग लेकर दूसरों के जीवन में रोशनी बिखेरने का संकल्प लिया।

### रक्तदान अवश्य करना चाहिए: डीएसपी

डीएसपी ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को किसी भी जरूरतमंद के लिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए, क्योंकि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। दुर्घटनाग्रस्त लोगों की जान बचाने के लिए हमें रक्तदान कर इस पुण्य में भागीदार होना चाहिए। आपका दान किया हुआ रक्त किसी के बहुमूल्य जीवन को बचाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस प्रशासन की ओर से 26 पुलिस जवानों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट वितरित किए।

# राव सुल्तान सिंह स्कूल में हुई चित्रकला स्पर्धा



**महेंद्रगढ़।** छात्रा को सम्मानित करती अर्चना ठाकुर। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के तहत सोमवार को राव सुल्तान सिंह स्कूल निम्भेडा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अभियान की जिला की संयोजक एवं भाजपा जिला मंत्री अर्चना ठाकुर ने ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर सेवा पखवाड़े के रूप में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्कूलों में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तीसरे स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी से नवाजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी पहल है, इस तरह की प्रतियोगिता करवाना अपने आपमें एक विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को उभारना है। इससे बच्चों में एक प्रतियोगिता की भावना उत्पन्न होगी और वह अपना हुनर दिखाकर एक अच्छे आर्टिस्ट के रूप में अपने आपको स्थापित करेगे। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन एडवोकेट सतपाल यादव व प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने स्कूल पहुंचने पर जिला की मंत्री अर्चना ठाकुर का अभिनन्दन किया।

**सार्वजनिक सूचना**

मै लोकेश पुत्र संदीप वासी गांव मंडलाना तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे दसवीं व बारहवी के सर्टिफिकेट दसवीं रजि. नं एच/123/40478/0200 रोल नंबर 17197564 व बारहवीं रजि. नंबर एच 225/40892/0031 रोल नंबर 17692751 में मेरी माताजी का नाम गलती से सुनीता लिखा गया जबकि उनका सही नाम अस्मिता है जो कि सही है। नियमानुसार ठीक करें।

**सार्वजनिक सूचना**

मै धर्मपाल पुत्र मंगल राम वासी नूनी अव्वल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा लडका बलराम व उसकी पत्नी पूजा कुमारी मेरे कहने सुनने से बाहर है व आए दिन घर में लडाई–झगडा करते रहते हैं। इसलिए में इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**महेंद्रगढ़।** शहर में महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि नरेश गर्ग थे व अध्यक्षता अरुण अग्रवाल ने की। इस अवसर पर अग्रवाल समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। शोभायात्रा का शुभारंभ दोपहर 2:30 बजे अनाज मंडी के मुख्य द्वार से हुआ। यह यात्रा रेलवे रोड, बालाजी चौक, विश्वकर्मा चौक, महाराजा अग्रसेन चौक, शंकर मार्केट व सब्जी मंडी होते हुए कमला धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई।

### नवरात्रि पर भांडोर ऊंची में मेला आयोजित


**महेंद्रगढ़।** मां दुर्गा देवी मंदिर भांडोर ऊंची में हर वर्ष नवरात्र समय में मेले व जागरण का आयोजन किया जाता है। इस बार रात्रि जागरण में मुख्य अतिथि विधायक कंवर सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल, समाजसेवी नीरज बेरी थे। मंच संचालन प्रदीप कौशिक ने किया। इस अवसर पर विधायक कंवर सिंह यादव ने मां दुर्गा मंदिर में मत्था टेककर दर्शन किए। उन्होंने कहा कि नवरात्र में दुर्गा मंदिरों के दर्शन का महत्व और बढ़ जाता है। भारत में कई प्राचीन व प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर हैं। जहां नवरात्र के दौरान भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

### भगत सिंह जयंती पर शिक्षक ट्रस्ट नारनौल ने किया राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

# मौत से आंख मिलाने का हुनर रखता था, वो जवां सरफरोशी का समंदर रखता था : पद्मश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की जयंती को समर्पित करते हुए प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट ने अपनी साहित्यिक इकाई के माध्यम से एक राष्ट्रीय ई काव्य गोष्ठी एवं युवा रचनाकार सम्मान समारोह ऑनलाइन माध्यम गूगल मीट पर आयोजित किया। साहित्यिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पद्मश्री पुरस्कार से अलंकृत वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. संतराम देशवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। हरियाणा साहित्य अकादमी के हिंदी एवम हरियाणावी प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त साहित्यकार डॉ. रामनिवास 'मानव' अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में देश के 11 प्रांतों से पचास से अधिक युवा कवियों की रचनाएं प्राप्त हुई हैं। जिनमें से चयन समिति द्वारा चयनित श्रेष्ठ दस कवियों को कार्यक्रम में अपनी काव्य प्रस्तुति का अवसर मिला। इस आयोजन की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए चयन समिति में वरिष्ठ साहित्यकार राजपाल यादव 'राज' (गुरुग्राम), अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. देवीराम शर्मा 'निर्मल' को चयन समिति में शामिल किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. संतराम देशवाल ने कहा कि आज़ादी के अमर सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करना मात्र श्रद्धांजलि नहीं बल्कि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बना, बल्कि युवा रचनाकारों की प्रतिभा को राष्ट्रीय पटल पर प्रस्तुत करने का भी सशक्त माध्यम बना। विशिष्ट अतिथि डॉ रामनिवास 'मानव' ने कहा कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट का यह प्रयास साहित्य और समाज दोनों ही स्तरों पर नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार करेगा तथा युवाओं में देशभक्ति और सृजनशीलता का भाव और प्रखर होगा।




नारनौल। ऑनलाइन माध्यम गूगल मीट के माध्यम से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में हिस्सा लेते हुए।

### इन कवियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

साहित्यिक इकाई के प्रभारी ओशिन शुक्ला 'साक्षी' ने बताया कि देशभर से 11 प्रांतों से रचनाएं प्राप्त हुई। कार्यक्रम में बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, असम, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड से कवियों नें अपनी रचनाएं प्रेषित की व कार्यक्रम में भाग लिया। कवि सम्मेलन में बैतूल (मध्य प्रदेश) से युवा कवियित्री नम्रता ठाकरे ने 'आज एक अश्व का बलिदान युगों युगों पर भारी है, केवल राणा नहीं पूरा भारत चेतक का आभारी है' कविता से जोश भर दिया। कानपुर (उत्तर प्रदेश) के कवि नमो नारायण मिश्र ने 'चंद्रशेखर और पांडे बोलो क्या ही मिला बन क्रांतिकारी' कविता प्रस्तुत की। इसके अतिरिक्त कवियित्री अनन्या मिश्रा एनी कुशीनगर (उत्तर प्रदेश) ने 'तुझे देखना हो अगर भारत, एक बार तू देख तिरंगे को' अटेली (हरियाणा) से ममता शर्मा ने 'पुत्र भगत सिंह तू चाहत तू ही प्यार मेरा', कविता प्रस्तुत की।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर हुई अधिकारियों की बैठक



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

- डीसी ने नए मतदाताओं के फॉर्मों की फीडिंग कार्य की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने सोमवार निर्वाचन पंजीयन अधिकारियों (ईआरओ) की बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान और नए मतदाताओं के फॉर्मों की फीडिंग कार्य की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्य में और अधिक तेजी लाई जाए। डीसी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना की जाए।

उन्होंने जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्वाचन संबंधी फॉर्मों के निपटान में समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि कि सभी प्रकार के फॉर्मों का निपटान निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि कोई भी अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित फॉर्मों की साप्ताहिक समीक्षा की जाए और सात दिनों से अधिक समय तक किसी भी फॉर्म को लंबित न रखा जाए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि फॉर्मों को त्वरित रूप से प्रोसेस करके आयोग को भेजा जाए, ताकि पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ नए योग्य मतदाताओं को सूची में जोड़ा जा सके। उपायुक्त ने अधिकारियों को इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर सफलतापूर्वक संपन्न करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम अनिरुद्ध यादव, एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम उदयसिंह, एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह, निर्वाचन तहसीलदार सुरेन्द्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जमीन की रजिस्ट्री अब और आसान...कोई कागज नहीं सब कुछ ऑनलाइन, घर बैठे मिलेगा अपॉइंटमेंट

- सीएम नायब सिंह सैनी ने झंझट मुक्त और पेपरलेस व्यवस्था की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजस्व दिवस पर हरियाणा के लोगों को बहुत बड़ी खुशखबरी मिली है। अब जमीन की रजिस्ट्री कराना पहले से कहीं ज्यादा आसान और झंझट मुक्त हो गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार कुरुक्षेत्र के बाबैन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से पेपरलेस संपत्ति पंजीकरण, पेपर रहित निशानदेही, वाट्सएप चैटबोट तथा राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली की नई सुविधा शुरू की। लघु सचिवालय में आयोजित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव तथा महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव मौजूद रहे। इस मौके पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार भी मौजूद थे। विधायक ओमप्रकाश यादव ने नागरिकों को इस ऐतिहासिक दिन की बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार लगातार डिजिटल हरियाणा के तहत सेवाओं को ऑनलाइन करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अब नागरिकों को जमीन की रजिस्ट्री के लिए सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और न ही ढेर सारे कागज संभालने की चिंता होगी। उन्होंने बताया कि यह सिर्फ एक नई सुविधा नहीं है, बल्कि सरकार की कोशिश है कि लोगों को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं मिलें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही सरकार का सपना है कि हरियाणा डिजिटल रूप से इतना मजबूत बने कि हर नागरिक को सरकारी काम कराने में बेहद आसानी हो।




नारनौल। रोवर तकनीक का अवलोकन करते विधायक एवं डीसी।

# जिलास्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताएं-2025 की तैयारी

- 10 से 18 अक्टूबर तक निजामपुर रोड स्थित बाल भवन में प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से आगामी 10 से 18 अक्टूबर तक निजामपुर रोड स्थित बाल भवन में सरकारी व गैरसरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए जिला स्तर पर 20 प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताएं-2025 के दौरान बच्चों के विभिन्न चार ग्रुपों प्रथम ग्रुप 0 से कक्षा 5वीं, द्वितीय ग्रुप छह से कक्षा आठवीं, तृतीय ग्रुप नौंवी से कक्षा 10वीं व चतुर्थ ग्रुप कक्षा 11वीं से 12वीं कक्षा के बच्चों के लिए 20 प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इसमें पोस्टर मेकिंग, स्केचिंग आन द स्पोट, कार्ड मेकिंग, दीया/कैंडल डैकोरेशन, रंगोली, क्ले मोडलिंग, थाली/कलश डैकोरेशन, प्रश्नोतरी, डिक्लेमेशन कान्टैक्स्ट, फन गेम्स लड़के, फन गेम्स लड़किया, फैन्सी ड्रैस, एकल नृत्य, क्लासिकल एकल नृत्य, समुह नृत्य, एकल गान, समुह राष्ट्रीय गान, बेस्ट ड्रामेबाज, सुलेख (हिन्दी व अंग्रेजी), एकांकी/रंगमंच का नाटक आदि के मुकाबले होगें।

जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिला स्तर की एकल नृत्य, क्लासिकल एकल नृत्य, एकल गान, समुह नृत्य, प्रश्नोतरी, राष्ट्रीय समूह गान व एकांकी/रंगमंच का नाटक प्रतियोगिताओ में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागी डिविजनल स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेगें तथा इन डिविजनल स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता बच्चे आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताआओं में भाग लेंगे। इनके आयोजन की तिथि व स्थान की जानकारी हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद से प्राप्त होने के बाद दी जाएगी।



महेंद्रगढ़। इंटरनल हैकथॉन का दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन करते अतिथिगण।

## हकेंवि में हुआ इंटरनल हैकथॉन 2025 का हुआ आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के इंटरप्रिंयोर सेल, सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन व इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त प्रयासों से सोमवार को इंटरनल हैकथॉन 2025 का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस आयोजन में बाहरी विशेषज्ञ के रूप में पंजाब विश्वविद्यालय में बायोनेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर के समन्वयक प्रो. रोहित शर्मा व डीएफएम फूड्स लिमिटेड के बिजनेस हेड कुलदीप बिशला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईआईसी की अध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने की। यह आयोजन मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार व संरक्षक समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 25 टीमों में शामिल 150 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने नवाचार के महत्त्व पर प्रकाश डाला। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि यह आयोजन प्रतिभागियों को कुछ नया सीखने समझने और उसके अनुरूप स्वयं को तैयार करने का एक प्रयास है। कार्यक्रम की शुरूआत में इंटरप्रिंयोर सेल के संयोजक डॉ. अजय कुमार ने विषय प्रस्तुत किया।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत चिकित्सा शिविर आयोजित

**महेंद्रगढ़।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सोमवार को गांव नांगल सिरोही के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक कंवर सिंह यादव ने किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नांगल सिरोही के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रतीक यादव ने मुख्य अतिथि विधायक कंवर सिंह यादव को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मंच संचालन स्वास्थ्यकर्मी अनिल रसूलपुरिया ने किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार व समृद्ध समाज की आधारशिला है। सरकार की ओर से चलाई जा रही मातृ व शिशु स्वास्थ्य योजना पोषण अभियान व नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। हम सबका दायित्व है कि हर घर तक स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छता और संतुलित आहार की जानकारी पहुंचे। डॉ. प्रतीक यादव ने शिविर में मरीजों की जांच की। इस मौके पर बीजेपी नांगल सिरोही मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, डॉ. अमन यादव, डॉ. विश्वशक्ति, डॉ. ज्योति, स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल जासावास, लैब तकनीशियन सुषमा देवी, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर कृष्णा देवी आदि मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। नांगल सिरोही में कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक कंवर सिंह यादव।

# सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का किया उद्घाटन

**511 एकड़ कृषि भूमि होगी सिंचित, सरकार हर खेत को पानी देने को प्रतिबद्ध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने सोमवार हरियाणा सूक्ष्म सिंचाई एवं नहरी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की ओर से आज गांव ढाणी बाठोठा में लगभग 7.25 करोड़ की सौर आधारित सूक्ष्म सिंचाई परियोजना एवं 14 कृत्रिम पुनर्भरण बोरवेल संरचनाओं का उद्घाटन किया। यह परियोजना 511 एकड़ कृषि भूमि को कवर करेगी। इससे सैकड़ों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक ओमप्रकाश यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार किसानों को सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पिछले 10 वर्षों में सरकार के प्रयासों से कृषि क्षेत्र में काफी क्रांति आई है।



नारनौल। सूक्ष्म सिंचाई परियोजना एवं कृत्रिम पुनर्भरण बोरवेल संरचनाओं का उद्घाटन करते विधायक ओमप्रकाश यादव। फोटो : हरिभूमि

### कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाएं भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक

सूक्ष्म सिंचाई तंत्र किसानों को कम पानी में अधिक उत्पादन की तकनीक प्रदान करता है। यह फसल को जरूरत के अनुसार बूंद-बूंद पानी पहुंचाता है। सौर आधारित तकनीक से सिंचाई होने के कारण किसानों को बिजली पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और उनकी लागत भी घटेगी। उन्होंने कहा कि कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाएं भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक होंगी। इस मौके पर मिकाडा एक्सईन सोनित राठी, एसईपीओ पवन कुमार,पंचायती राज एसडीओ प्रदीप यादव, बिजली विभाग से एसडीओ लोकेश कुमार,एसडीओ पंकज, जेई दीपक, नितिन, सरपंच नरेश कुमार और गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

